हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ
18 जुलाई 2024, समय 1810

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने हिट एंड रन मामलों में पीड़ितों को कैशलेस इलाज के साथ मुआवज़ा प्रदान करने के लिए योजना शुरू करने की घोषणा की।
- भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि राजनीतिक लाभ के लिए कुछ राजनीतिक दलों द्वारा हिंसा और हत्या जैसे शब्दों का प्रयोग करना निराशाजनक है।
- नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामले में सीबीआई ने आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के चार छात्रों को हिरासत में लिया।
- हरियाणा के महिला एवं बाल विकास विभाग ने एक हज़ार आंगनबाड़ियों की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए 17 करोड़ रुपये जारी किए।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने हिट-एंड-रन मामलों में पीड़ितों को कैशलेस उपचार की सुविधा के साथ मुआवजा प्रदान करने के लिए केंद्र की तर्ज पर योजना शुरू करने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि मुआवजे के आवेदन और पीड़ितों को भुगतान की प्रक्रिया की समय-सीमा भी तय कर दी गई है। जांच आयुक्त द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के 15 दिन के अंदर मुआवजे के भुगतान का आदेश जारी होगा और इसके बाद 15 दिन के अंदर मुआवजे का भुगतान कर दिया जाएगा।उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत बीमाकृत तथा बीमा रहित दोनों तरह के वाहनों से हुई दुर्घटनाओं के पीड़ितों को यह सुविधा प्रदान की जाएगी। इस खर्च का वहन हरियाणा सड़क सुरक्षा निधि से किया जाएगा। योजना को जिला स्तर पर लागू करने के लिए एक जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने किसानों व छोटे व्यापारियों की मिट्टी निपटान से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए खनन एवं भूविज्ञान विभाग का पोर्टल kisan.mineharyana.gov.in जारी किया है। अब किसान व छोटे व्यापारी घर बैठे ही मिट्टी के प्रयोग से संबंधित परमिट ऑनलाइन प्राप्त कर सकेंगे। इससे गांव के रेहड़ा व बुग्गी वाले किसानों को भी बड़ी राहत मिलेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे मिट्टी से संबंधित विभागीय अनुमति व जटिल प्रक्रिया से छुटकारा होगा ।उन्होंने कहा कि किसान व छोटे

व्यापारी अगले 2 महीने तक ऑनलाइन माध्यम से  प्रक्रिया के साथ-साथ ऑफलाइन भी संबंधित खनन अधिकारी के पास जाकर अनापत्ति प्रमाण पत्र  प्राप्त कर सकेंगे। अब किसान मिट्टी भरत के कार्य के लिए भी इस पोर्टल के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र  प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं देना पड़ेगा। अभी जो 200 रुपये की परमिट फीस देनी पड़ती थी, वो भी अब समाप्त कर दी गई है।

भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता सुधाशु त्रिवेदी ने कहा है कि राजनीतिक फायदे के लिए कुछ राजनीतिक दलों द्वारा हिंसा और हत्या जैसे शब्दों का प्रयोग करना निराशाजनक है। नई दिल्ली में आज संवाददाता सम्मेलन में श्री त्रिवेदी ने पूर्व IPS अधिकारी के लेख का ज़िक्र किया जिसमें नकारात्मक माहौल, सुरक्षा गतिविधियों तथा इनके भारत पर प्रभाव की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि जापान के पूर्व प्रधानमंत्री पर जानलेवा हमला और अमरीका के पूर्व राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प पर हाल ही के हमले से स्थिति की गंभीरता का पता चलता है।श्री त्रिवेदी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण और चिंता का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए हिंसा भड़काने वाले शब्दों और भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कई बार श्री मोदी के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया।

हरियाणा में  580 पंचायते  टीबी मुक्त हो गई  है। यह प्रदेश में प्रधानमंत्री टी  बी  मुक्त भारत अभियान के तहत चलाए गए टीबी मुक्त पंचायत कार्यक्रम से संभव हुआ है।  इस समय प्रदेश  में तपेदिक के 44 हजार 241 मरीज हैं। यह जानकारी प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के राष्ट्रीय सलाहकार डॉ. धर्मा राव ने आज हरियाणा के राज्यपाल  बंडारू दत्तात्रेय को दी । डॉ धर्म राव ने बताया कि  हरियाणा के  6 हजार 157 लोग इस अभियान से निक्षय मित्र के तौर पर जुड़े हुए हैं, जिसमें से 3 हजार 635 लोग सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय स्वयं इस अभियान के साथ निक्षय मित्र के तौर पर जुड़े  हैं। राज्यपाल ने डॉ धर्म राव के नेतृत्व में उनसे मिलने आए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की और उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे ग्रामीण क्षेत्र में विशेषकर महिलाओं में तपेदिक के प्रति जागरूकता लाने के लिए अधिक से अधिक कार्य करें।राज्यपाल ने सभी संस्थाओं व समाज के प्रबुद्ध वर्ग के

लोगों से भी अपील की है कि वे  टी.बी मुक्त भारत अभियान से जुड़ कर जन सेवा में भागीदार बनें और ज्यादा से ज्यादा तपेदिक पीड़ितों को गोद लें ।

नीट-यूजी प्रवेश परीक्षा पेपर लीक मामले में केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई ने आज अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, एम्स पटना के चार छात्रों को हिरासत में लिया है। पटना में एम्स के कार्यकारी निदेशक डॉ. जीके पाल ने कहा कि जिन छात्रों को हिरासत में लिया गया है वे एमबीबीएस पाठ्यक्रम के दूसरे और तीसरे वर्ष के हैं। उन्होंने कहा कि सीबीआई ने इन छात्रों के लैपटॉप भी ज़ब्त कर लिए हैं और उनके कमरे सील कर दिए हैं। इन छात्रों से सीबीआई पूछताछ कर रही है।

सर्वोच्च न्यायालया ने नीट यूजी परीक्षा में हाज़िर होने वाले छात्रों के अंक सार्वजनिक करने का अंतरिक्ष आदेश दिया है सर्वोच्च न्यायालया ने कहा है की यह ध्यान रखा जाये की किसी छात्र की पहचान उजागर ना हो। इससे पारदर्शिता जरूर मिलेगी और छात्रों को यह भी पता चलेगा की किस परीक्षा केन्द से किस तरह के परिणाम आये है नतीजा शनिवार दोपहर 12 बजे तक सार्वजनिक करने को गया है ।इससे पहले सर्वोच्च न्यायालया  ने सुबह ४० से अधिक याचिकाओं की सुनवाई शुरू करते हुए कहा कि दोबारा परिक्षा ठोस वजह से होनी चाइये वरना इससे पूरी परीक्षा की सुचिता प्रभावित होगी।

हरियाणा के महिला एवं बाल विकास मंत्री असीम गोयल  ने कहा है कि  कई गांवों में नए आंगनवाड़ी भवनों का  निर्माण किया जाएगा और यहाँ जरूरत होगी वहाँ आंगनवाड़ी भवनों की मरम्मत की जाएगी । उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में 1000 आंगनवाड़ियों के भवनों की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए 17 करोड़ रुपए विकास एवं पंचायत विभाग को जारी कर दिए गए हैं। विकास एवं पंचायत विभाग को तुरंत काम शुरू करने और इसे समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए कहा गया है।उन्होंने बताया कि भविष्य में जहां आंगनवाड़ियों के मौजूदा बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा वहाँ  आंगनवाड़ियों की नई इमारतों में पंजीरी सयंत्र लगाए जाएंगे। इनके अलावा ,अंबाला में बहुउद्देश्यीय विभागीय भवन का निर्माण भी किया जाएगा।

...................................................................

भारतीय किसान संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढूनी की संयुक्त संघर्ष पार्टी, हरियाणा में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेगी। पार्टी इनेलो व कांग्रेस के साथ गठबंधन के लिए तैयार है। लेकिन जेजेपी और बीजेपी से किसी भी प्रकार से गठबंधन नहीं होगा ।गुरनाम सिंह चढूनी ने आज पार्टी की ओर से रोहतक में पहली पत्रकार वार्ता कर उक्त घोषणा की।

रोहतक से लोकसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा की हरियाणा मांगे हिसाब यात्रा आज जुलाना पहुंची यहाँ उन्होंने जनता को संबोधित किया। मीडिया से बात करते हुए कहा कि मौजूदा सरकार विफल रही है जिसके कारण बेरोजगारी महंगाई तथा भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है । उन्होंने कहा कि उनकी यह यात्रा यमुनानगर करनाल पानीपत सोनीपत होते हुए जुलाना पहुँचने तक एक जन आंदोलन में परिवर्तित हो गई है ।यात्रा में मौजूद सोनीपत लोकसभा से सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि यह यात्रा हरियाणा मांगे हिसाब यात्रा ही नहीं आने वाले सत्ता परिवर्तन की यात्रा है। उन्होंने कहा कि वे कांग्रेसी कमान को बधाई देते हैं जिन्होंने सत्ता परिवर्तन की लहर के लिए दीपेंद्र हुड्डा को जिम्मेदारी दी । उन्होंने दावा किया कि आज जुलाना हल्के में 15000 से अधिक कार्यकर्ताओं ने यात्रा में भाग लिया ।श्री ब्रह्मचारी ने कहा कि 4 दिन की यात्रा से ही प्रदेश की राजनीति गरमा गई है और घबराहट में स्वयं सत्ता पक्ष विपक्ष से सवाल पूछ रहा है।

जीन्द पुलिस की अपराध जांच एजेंसी ने पिल्लूखेड़ा के गाँव भम्भेवा से दो नशा तस्करों को काबू करके उनके कब्जे से 1 किलो 38 ग्राम चरस बरामद की है।अपराध जांच एजेंसी के प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि आरोपियों की पहचान जिला जींद के गाँव मोरखी वासी संजय व गाँव लुदाना वासी बिजेन्द्र के तौर पर हुई है । उन्होंने बताया कि आरोपी संजय के पास 734 ग्राम चरस चरस व बिजेन्द्र के पास 304 ग्राम चरस बरामद हुई ।

........................................................................